पेज थ्री
देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, शुक्रवार, 8 अक्टूबर 2021

पेज 8



ऋषिकेश एम्स आगमन के दौरान पीएम मोदी का स्वागत करते राज्यपाल व सीएम।

## संक्षिप्त समाचार

### मानदेय बढ़ोतरी पर उपनल कर्मियों की नजर

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में उपनल कर्मियों की नजरें कैबिनेट की बैठक पर टिकी हुई हैं। कारण यह कि इस बैठक में उपनल कर्मियों के मानदेय बढ़ोतरी के संबंध में निर्णय लिया जाना है। इस संबंध में कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की अध्यक्षता में गठित उप समिति तकरीबन दो माह पूर्व अपनी रिपोर्ट कैबिनेट को सौंप चुकी है। इस पर पहले 15 सितंबर को हुई कैबिनेट में निर्णय होने की उम्मीद थी। हालांकि, यह मसला कैबिनेट में नहीं आ पाया। अब 12 को कैबिनेट प्रस्तावित है।

### दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय में दो आक्सीजन प्लांट शुरू

**संवाददाता** देहरादून। दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय में एक–एक हजार एलपीएम के दो आक्सीजन प्लांट गुरुवार से शुरू हो गए। अस्पताल में यह प्लांट पीएम केयर फंड से लगे हैं। जो 200 बेड पर निर्बाध आक्सीजन सप्लाई करेंगे। इसका वर्चुअल उद्घाटन पीएम मोदी ने ऋषिकेश से किया। अस्पताल में मुख्य अतिथि महापौर सुनील उनियाल, स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि मातबर रावत ने प्लांट का रिबन काटा। उनके साथ एचएनबी मेडिकल विवि के कुलपति प्रो हेमचन्द्र पांडेय, प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना, एमएस डा. केसी पंत, डिप्टी एमएस डा. एनएस खत्री, एसीएमओ डा. निधि रावत मौजूद रहे।

### पैनासोनिक इंडिया ने अपने होम एप्लायंसेज पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। एक लीडिंग डाइवर्सिफाइड टेक्नोलॉजी कंपनी, पैनासोनिक इंडिया ने त्योहारी सीजन से पहले रेफ्रिजरेटर के 43 नए मॉडल और वाशिंग मशीन के 24 नए मॉडल लॉन्च करने के साथ अपने होम एप्लायंसेज पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा की। टेक्नोलॉजी सुविधाओं से भरपूर, नए मॉडल रोजमर्रा के जीवन के उपभोक्ताओं को बेहतर आराम और सुविधा प्रदान करते हैं।

### स्टारस्केप्स ने उत्तराखंड में दूसरी खगोलीय वेधशाला लॉन्च की

**संवाददाता** देहरादून। भीमताल स्थित नई वेधशाला में पर्यटकों को लाइव नाइट स्काई शो के साथ समग्र खगोल विज्ञान, अवलोकन, एस्ट्रोफोटोग्राफी और दिन में ऑडियो–विजुअल शो और बहुत कुछ मिलेगा। देहरादून। भारत में वेधशाला की पहली और एक मात्र श्रंखला (चेन) स्टारस्केप्स ने उत्तराखंड में अपनी दूसरी सार्वजनिक वेधशाला लॉन्च की है। स्टारस्केप्स एक्सपीरिएंसिस प्राइवेट लिमिटेड की नई वेधशाला 'स्टारगेट ऑब्जर्वेटरी भीमताल', भीमताल में नौकुचियाताल मैन रोड पर स्थित है।

# प्रधानमंत्री की 20 वर्षों की यात्रा महान संकल्पों की यात्रा : मुख्यमंत्री

**अभिनंदन**

■ उत्तराखण्ड के विकास के लिए प्रधानमंत्री ने दी महत्वपूर्ण सौगात

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की सराहना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखण्ड की सवा करोड़ जनता की ओर से देवभूमि आगमन पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की पिछले 20 वर्षों की यात्रा महान संकल्पों का उदाहरण है। प्रधानमंत्री जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण मां भारती की सेवा में लगा दिया, जो हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों की सुरक्षा एवं सेवा के लिये राष्ट्रव्यापी जीवन रक्षक ऑक्सीजन प्लाण्टों को समर्पित किया है।

आज से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व जब कोरोना महामारी का प्रारंभ हुआ था तब से आज तक प्रधानमंत्री ने एक नेता एवं प्रशासक की भांति ही नहीं बल्कि हमारे अभिभावक की भांति हमारा हाथ थामा और मुश्किल की घड़ी में पूरे देश को हौंसला दिया। पूरा विश्व इस बात का साक्षी है कि जिस देश को लेकर विशेषज्ञ तरह–तरह की आशंका जता रहे थे उस देश ने न सिर्फ कोरोना का डटकर सामना किया बल्कि वैक्सीन बनाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। सैनिकों के प्रति प्रधानमंत्री जी का सम्मान जग जाहिर है। हमने देखा है कि एक मुख्यमंत्री के रूप में और अब एक प्रधानमंत्री के रूप में वे हर बार दिवाली और होली सैनिकों के साथ मनाते हैं।



**आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इण्डिया युवाओं के मन में बस चुके आंदोलन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के बच्चे बच्चे की जुबां पर आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत, स्किल इण्डिया, फिट इण्डिया, मेक इन इण्डिया जैसे नारे रहते हैं। ये सिर्फ नारे नहीं है बल्कि आज, ये देश के हर नागरिक, हर युवा के मन में बस चुके आंदोलन का रूप ले चुके हैं। कोरोना काल में आत्मनिर्भर भारत योजना और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने करोड़ो लोगों को रोजगार और दो वक्त का भोजन सुनिश्चित किया है। जहां एक ओर आयुष्मान भारत योजना ने देश के हर व्यक्ति को यह भरोसा दिलाया है कि बीमारी के समय पर उन्हें उपचार अवश्य मिलेगा वहीं दूसरी ओर उज्जवला योजना ने करोड़ों गरीब माताओं–बहनों की आंख के आंसू पोछे हैं। सैंकड़ों वर्षों से अपने निर्माण की बांट जोह रहे श्रीराम मंदिर के पुर्ननिर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। कश्मीर से धारा 370 का खात्मा हो सका और कश्मीर का भारत में पूर्ण एकीकरण हो सका। चाहे औद्योगिक विकास हो, शैक्षिक विकास हो, सामाजिक विकास हो या आध्यात्मिक विकास हो, प्रधानमंत्री जी की सोच व्यापक रही है। यह नमामि गंगे, स्वच्छता अभियान, नई शिक्षा नीति, इन्द्रधनुष योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड जैसी अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं से परिलक्षित होता है।

उत्तराखण्ड के लिये चारधाम ऑल वेदर रोड, भारत माला प्रोजेक्ट तथा ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेललाइन की महत्वपूर्ण सौगात दी है। प्रधानमंत्री जी के निर्देशन में केदारपुरी में जहां प्रथम चरण के 225 करोड़ के कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं 184 करोड़ के कार्य द्वितीय चरण में गतिमान है। इसके साथ ही बद्रीनाथ धाम के मास्टर प्लान के लिए जहां 245 करोड़ रूपये से अधिक स्वीकृत हो चुके हैं।

### कोविड राहत पैकेजों सहित विकास कार्यो की जानकारी दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी और केन्द्र सरकार से प्राप्त हो रहे मार्गदर्शन एवं सहयोग से प्रेरणा लेते हुए उत्तराखण्ड में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। जहां 24 हजार सरकारी पदों को भरने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वहीं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना तथा नैनो उद्यम योजना के अन्तर्गत लाखों युवाओं को स्वरोजगार देने की प्रक्रिया गतिमान है।

# उत्तराखंड की स्वर्णिम विकास गाथा लिखेगी युवा सीएम की टीम

**सराहना**

■ युवा मुख्यमंत्री के विजन पर प्रधानमंत्री ने लगाई मुहर

**संवाददाता**

ऋषिकेश। देवभूमि उत्तराखंड को अगले कुछ सालों में देश के नंबर वन राज्य बनाने का संकल्पित युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुहर लगा दी है। एम्स ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ना सिर्फ युवा ऊर्जावान और उत्साही मुख्यमंत्री कहा बल्कि उन्हें "मित्र" कहकर संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को इस सहज भाव और अपनेपन से सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड देव भूमि है, वीर भूमि है। केन्द्र सरकार सैनिकों के हितों के लिये गम्भीर है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी एक सैनिक पुत्र हैं।




प्रधानमंत्री मोदी यहीं नहीं रुके, उन्होंने अपने संबोधन में पुष्कर सिंह धामी को युवा चेहरा और उत्साह से लबरेज मुख्यमंत्री बताया। प्रधानमंत्री ने 22 साल के उत्तराखंड को अगले तीन सालों में डबल इंजन की मदद से देश के शीर्ष राज्यों में शामिल करने का भरोसा दिलाया है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "अगले कुछ वर्ष में उत्तराखंड गठन के 25 साल में पूरे हो जाएँगे, यही समय है सही समय है कि युवा और ऊर्जावान टीम के साथ केंद्र सरकार यहाँ के लोगों के सपनों को नई बुलंदी पर पहुँचाए"।

प्रधानमंत्री ने धामी सरकार द्वारा युद्धस्तर पर चलाए जा रहे कोविड टीकाकरण अभियान को लेकर तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रभावी मैनेजमेंट का ही नतीजा है कि उत्तराखंड जल्द शत–प्रतिशत टीकाकरण वाला राज्य बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इन तमाम बातों से यह स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी युवा सोच के साथ विकास के जिस रोड मैप को लेकर चल रहे हैं आने वाले समय में युवा उत्तराखंड हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार होगा।

### उत्तराखण्ड में जलजीवन मिशन में काफी काम हुआः पीएम

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऋषिकेश एम्स में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि उत्तराखण्ड के निर्माण का सपना अटल जी ने पूरा किया था। अटल जी मानते थे कि कनेक्टिविटी का सीधा कनेक्शन विकास से है। उन्हीं की प्रेरणा से देश में कनेक्टिविटी के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अभूतपूर्व स्पीड और स्केल पर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2019 में जलजीवन मिशन शुरू होने से पहले उत्तराखण्ड के सिर्फ 1 लाख 30 हजार घरों में ही नल से जल पहुंचता था। आज उत्तराखण्ड के 7 लाख 10 हजार से ज्यादा घरों में नल से जल पहुंचने लगा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर फौजी, हर पूर्व फौजी के हितों को लेकर भी पूरी गम्भीरता से काम कर रही है। ये हमारी सरकार ही है जिसने वन रैंक वन पेंशन को लागू करके अपने फौजी भाईयों की 40 साल पुरानी मांग पूरी की।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।